# अपर जिला जज ने किया निराश्रय महिला आश्रय स्थल का निरीक्षण

**सहारनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा ने सरसावा के शान्तिधाम निराश्रय महिला आश्रय स्थल का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सिस्टर रालट मिली। उन्होंने बताया कि आश्रय स्थल में आठ स्टाफ है। यहां 20 से 80 वर्ष की महिलायें निवास करती है। शेल्टर होम में ज्यादातर मंदबुद्धि महिला निवास करती है। महिलाओं को नाश्ता, दोपहर का खाना एवं रात का खाना मेन्यू के अनुसार दिया जाता है। सिस्टर ने बताया कि आश्रय स्थल में कुछ महिलाओं को अपना गृहस्थान का पता नही है जिस कारण उन्हें उनके घर नहीं भेजा गया। अपर



जिला जज ने निर्देश दिया कि इस संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराना सुनिश्ति करे, ताकि नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण में शयन की व्यवस्था एवं साफ सफाई सही पाई गई। इसके अलावा पाकशाला का निरीक्षण भी किया गया। यहां महिलाओं के मनोरंजन के समय समय पर प्रोग्राम चलते है।

# जांच में सामने नहीं आई मीटरों में खराबी

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** नगर में पहुंचे विद्युत विभाग के एक्सईएन ने कई जगहों पर विद्युत उपभोक्ताओ के मीटरों की जांच की। परिसर के अंदर लगे हुए विद्युत मीटरों को परिसर के बाहर भी लगवाया। उन्होने उपभोक्ताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि मीटर लोड के अनुसार ही विद्युत उपकरणों का प्रयोग करें।

बृहस्पतिवार को विद्युत विभाग के एक्सईएन प्रवीण कुमार ने अपनी टीम सहित नगर में विभिन्न जगहों पर उपभोक्ताओं के संदेह जनक विद्युत मीटरो की जांच की। इस दौरान मोहल्ला मजहर में एक प्रतिष्ठान के अंदर लगे हुए मीटर को बाहर लगवाया गया।

विद्युत उपखण्ड चिलकाना के जे ई शिवकुमार ने बताया है कि माह

**■ विद्युत विभाग के एक्सईएन ने चलाया कस्बे में अभियान**

के अंत मे रूटीन चैकिंग के लिए एक्सईएन आये है। इस दौरान उनके द्वारा कई जगहों पर विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर भी चैक किये गए है। जो कि सही पाए गए है। किसी भी उपभोक्ता के मीटर में कोई खराबी सामने नही पाई गई है।

इस दौरान एक्सईएन द्वारा सभी उपभोक्ताओ को चेताया गया है कि मीटर लोड के अनुसार ही अपने परिसरों में विद्युत उपकरणों का प्रयोग करे। यदि कोई भी उपभोक्ता चोरी की बिजली या ओवरलोड चलाते हुए पाया गया तब उसके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# दीवानी कचहरी में हुआ सर्वाइकल वैक्सीनेशन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** दीवानी कचहरी में सवाईकल कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत सर्वाइकल वैक्सीनेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर दुनिया का एकमात्र ऐसा कैंसर है जिसकी रोकथाम वैक्सीन द्वारा संभव है। जिसका टीकाकरण 11 वर्ष से 40 वर्ष तक की बालिकाओं व महिलाओं में कराया जाना जीवन के बचाव के लिये सुरक्षित होगा। पूर्वकालिक सचिव अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर अभियान में करीब 19 महिलाओं ने अपना वैक्सीनेशन कराया।

इस दौरान समस्त न्यायिक अधिकारीगण, एनसीडी की मुख्य नोडल अधिकारी श्रीमती शिवांका गौड, एनसीडी मैनेजर लोहित भारती, डा.पंकज, स्टाफ नर्स शिवानी, एएनएम रूचिका जैनवाल आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे। संचालन सिविल जज जू.डि.सुश्री आकांक्षा तिवारी ने किया।

# सड़क पर खड़ी बाइक में अचानक लगी आग

शाह टाइम्स संवाददाता

**गंगोह।** गुरूवार दोपहर सडक पर खड़ी बाइक में अचानक आग लग गई। बेकाबू हुई आग को बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन जब तक आग बुझती तब तक बाइक जलाकर राख हो गई।

मोहल्ला गुजरान में बसपा नेता वीरेंद्र कश्यप के मकान के पास एक बाइक खड़ी थी। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि दोपहर के समय अचानक बाइक में आग लग गई। आग बढ़ते ही आसपास के लोग आग बुझाने आ गए लेकिन आग की लपटे तेज होती गई। बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक बाइक स्वाहा हो चुकी थी। आग लगने का कारण ज्ञात नहीं हो सका है। बाइक किसकी थी मोहल्ले के लोगों को इसकी जानकारी नहीं थी।

# एसएसपी ने की विवेचनाओं की समीक्षा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा.विपिन टाडा ने आज थाना सदर बाजार का वार्षिक निरीक्षण कर लंबित विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

एसएसपी डा.विपिन टाडा ने थाने पर महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, मैस, बंदीगृह, मालखाना, शस्त्रों का रखरखाव एवं संचालन, सीसीटीवी कैमरों की चैकिंग तथा अभिलेखों की गहनता से चैक कर अपराध एवं लंबित विवेचनाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सबंधित को जरूरी दिशा निर्देश भी दिये। एसएसपी ने थाने पर तैनात उप निरीक्षक शिशुपाल सिंह को नगर पुरस्कार, उप निरीक्षक देवेंद्र अधाना, पुष्पेंद्र सिंह व महिला उप निरीक्षक दीक्षा कुमारी को उत्तम प्रविष्टि दी। साथ ही ग्राम पहरियों को छाता वितरित किये।

इस दौरान एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी द्वितीय मौजूद रहे।

# 45 डिग्री तापमान में किया 417 यूनिट रक्तदान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** रामपुर मनिहारान। प्रचंड गर्मी के बावजूद भी फैमिली आफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट द्वारा लगाये गये रक्तदान शिविर में 410 यूनिट रक्तदान किया गया।

रामपुर मनिहारान के दिल्ली रोड़ पर स्तिथ जैन बाग में लगाये गये रक्तदान शिविर में भीषण गर्मी के बावजूद भी महिला एवं पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में रक्तदान करने वालों की कतार लगातार लगी रही जिसके फलस्वरूप रक्तदान शिविर में कुल 410 रक्तदान हुआ।

रक्तदान शिविर संयोजक अभयराज एवं विकास पंवार ने बताया कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता है यह केवल एक स्वस्थ महिला एवं पुरुष के शरीर से



ही प्राप्त किया जा सकता है। रक्तदान करने से रक्तदाता के खून की जाँच करके कुछ सम्भावित बीमारियो का पता लगाया जा सकता है जिससे समय रहते उनका इलाज किया जा सके। रक्तदान शिविर में मोहित, विक्रांत पंवार, वैशाली, अंकित, देव. राज चौधरी, संदीप पंवार, बलकार, सौरव कश्यप, जिशान, धर्मवीर, अंजलि, नितिन, संजय संगम, रितिक, अनिल, रवि, मौ० आरिफ, सहजाद आदि ने रक्तदान किया।

# समस्याओं पर की विस्तृत चर्चा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** केन्द्रीय पदाधिकारियों के प्रदेश व्यापी भ्रमण कार्यक्रम के तहत समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। 27 जून को लखनऊ में होने वाले अभियंता संघ के 39वें वार्षिक महाधिवेशन की तैयारियों एवं प्रदेश में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने व अन्य मुख्य समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हेतु केन्द्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में सहारनपुर क्षेत्र की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक सहारनपुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता ई. सुनील कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन इं. रॉबिन शर्मा क्षेत्रीय सचिव द्वारा किया गया। बैठक में अभियन्ता संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह गुर्जर व उपाध्यक्ष इ. अवधेश कुमार, समेत बड़ी संख्या में अभियंता सदस्य उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट सफाई को पांच कर्मचारी सम्मानित

**चिलकाना।** सुलतानपर नगर पंचायत कार्यालय की ओर से स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था प्रदान करने वाले पांच सफाई कर्मियों सुशील कुमार, बबली देवी, छोटन कुमार, गंगा देवी, श्यानो देवी को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया है।

बृहस्पतिवार को पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ईओ राजीव कुमार ने कहा प्रत्येक माह सफाई कर्मियों को उनकी लगन व मेहनत के अनुसार उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया जाएगा। जिससे कि उनमें कार्य करने के प्रति अधिक लगन बढ़े। साथ ही उन्होंने बताया कि संविदा कर्मियों के वेतन में जून माह से शासन की ओर से 15 रूपये की




वृद्धि की जाएगी। पंचायत कार्यालय की ओर से किसी भी कर्मी को असुविधा नही होने दी जाएगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष फूल बानो अंसारी व पूर्व सभासद सुधीर कुमार जैन ने कहा कि सभी सफाईकर्मी मेहनत एवं लगन से अपना कार्य को अंजाम दे। नगर को स्वच्छ सुंदर बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। स्वच्छता रैंकिंग में नगर को प्रथम स्थान पर लाने के उद्देश्य से कार्य करें।

इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार, सभासद प्रतिनिधि निशांक जैन, इसम सिंह दुबे, नाथीराम, सभासद हाफिज इनाम, प्रकाश चंद सैनी, तनवीर अहमद, सफाई नायक अमित कुमार, सतीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# बढ़ती गर्मी से बचाव की दी जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानौता।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए एमडी न्यूरोलॉजिस्ट डॉ दीपक सिंह ने कैंप लगाकर लोगों कि निशुल्क जांच कर गर्मी से बचाव के लिए जानकारी दी।

नगर के गंगोह रोड स्थित शिफा केयर सेंटर पर कैंप लगाकर गर्मी से बचाव के लिए न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर दीपक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ती गर्मी और गर्म हवाओं के कारण लोगों को डिहाईड्रेशन उल्टी दस्त तेज बुखार सर दर्द डायरिया जैसी बीमारियां हो रही है जिसका कारण यह है कि गर्म हवा के चलते शरीर में पानी की कमी हो जाती है जिससे ऐसे गंभीर रोग हो जाते हैं इससे इंसान का इम्यूनिटी सिस्टम भी कमजोर हो जाता है कई बार यह मामूली रोग गंभीर बीमारियों का रूप धारण कर लेते हैं। उन्होंने इससे बचाव हेतु टिप्स देते हुए बताया कि गर्मी के दौरान ढीले कपड़े पहने लगातार नींबू पानी, ग्लूकोस, और शुद्ध पेयजल का अत्यधिक प्रयोग करें गर्मी में आवश्यकता पड़ने वाली बाहर जाएं बिना जरूर कहीं आने-जाने से बचे। इस अवसर पर डाक्टर सारा सिद्दीकी, हास्पिटल इंचार्ज उसैद सिद्दीकी, जिया उर रहमान आरिफ सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शबद कीर्तन से किया निहाल

**गंगोह।** गांव दैदनोर स्थित गुरुद्वारा डेरा बाबा हेम सिंह में आयोजित शबद कीर्तन ने संगत को निहाल कर दिया। शाम तक चले लंगर में हजारों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम का आयोजन बापू हेम सिंह जी की बरसी पर किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत अखंड़ पाठ के भोग से हुई। इसके बाद शबद कीर्तन से संगतों को निहाल किया गया। रागी जत्थों ने गुरुवाणी का पाठ किया। इसके बाद शाम तक चले शबद कीर्तन ने हजारों की मौजूद संगत को निहाल किया। ढाडी जत्था, रागी जत्था तथा कथा वाचक ने कार्यक्रम में भाग लिया। गुरु इतिहास को बताकर भी इन लोगों ने संगत को निहाल किया। कार्यक्रम के दौरान चला गुरु का लंगर कार्यक्रम के समापन तक चला जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुद्वारा के ग्रंथी दलबीर सिंह ने बताया कि अखंड पाठ के कार्यक्रम पहले ही आरंभ हो गए थे। कार्यक्रम में रागी जत्था गुलजार सिंह खालसा यमुनानगर, कीर्तन संत बाबा जीवन सिंह, कबीर मौजूद रहे।

# चोरी का फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने दुकान के गल्ले से 50000 रुपये की नकदी चोरी करने के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को 2200 रुपये की नकदी सहित गिरफ्तार किया है। वहीं दूसरी ओर एक अन्य आरोपी को अवैध शस्त्र सहित संदिग्ध अवस्था घूमते हुए गिरफ्तार किया गया है।

बृहस्पतिवार को थाना प्रभारी कपिल देव ने बताया है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ विपिन ताडा के आदेश पर वांछित एवं वारंटी आरो. पियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए विशेष अभियान के तहत एसआई सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल योगेश यादव आदि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आज सुबह 11:05 बजे सुल्तानपुर में टाइल्स की दुकान के सामने अधूरी बनी कॉलोनी के निकट से चोरी मामले के फरार आरा.



पी सलमान पुत्र मुस्तकीम निवासी ग्राम नयाबांस थाना चिलकाना को चोरी की गई 2200 रुपये की नकदी सहित गिरफ्तार किया है। पूर्व से दर्ज मुकदमे में चोरी का सामान बरामद होने की धारा 411 की बढ़ोतरी करते हुए उपरोक्त आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

वहीं दूसरी ओर एसआई विजय सिंह, कांस्टेबल अनुज राणा आदि पुलिस टीम ने संदिग्ध अवस्था में बडकली वाले रास्ते पर अवैध चाकू लेकर घूम रहे एक आरोपी जुनैद पुत्र इरशाद निवासी ग्राम बुड्ढाखेड़ा थाना चिलकाना को गिरफ्तार किया है। जिसके खिलाफ अपराध सम्बन्धी धारा 4/25 के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय मे पेश किया गया है।

# मुसाफिर खाना बनवाने की मांग

**तल्हेडी बुजुर्ग।** हाईवे पर स्थित गांव सरसीना के लोगों को आवागमन में आ रही भारी समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए देवबंद उपजिलाधिकारी अंकुर वर्मा को लिखित ज्ञापन सौंपकर मुसाफिर खाना बनवाने की मांग की है।

तहसील देवबंद के अंतर्गत हाईवे पर स्थित गांव सरसीना में मुसाफिर खाना ना होने के कारण गांव के छोटे बच्चों और महिलाओं को यात्रा करने के लिए भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दें कि मौजूदा समय में गर्मी अपनी चरम सीमा पर है और गांव के लोग आवागमन करने के लिए बस इत्यादि के इंतजार में हाईवे पर घंटों धूप में खड़े रहते हैं जो उनके स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकता है। इसके अलावा आगामी बरसात में भी गांव के लोगों के लिए विकट स्थिति उत्पन्न होती है क्योंकि हाईवे पर ना ही कोई पेड़ है और ना ही कोई विश्राम स्थल है जिससे वह अपना बचाव कर सके।इसी समस्या के चलते बुधवार को शाह टाइम्स न्यूज पेपर के संवाददाता अजीत त्यागी ने देवबंद उपजिलाधिकारी अंकुर वर्मा को एक लिखित ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों को इस समस्या से छुटकारा दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों की समस्यायों को देखकर एसडीएम अंकुर वर्मा ने आश्वासन देते हुए कहा कि यह एक सार्वजनिक समस्या है जिसके



लिए यह पत्र हाईवे निर्माता उपसा कंपनी अथोरिटी को भेजकर उन्हें अवगत कराया जाएगा और मुसाफिर खाना बनवाने के लिए हर संभव प्रयास किये जाएंगे।

# तालाब में मानव कंकाल मिलने से हड़कम्प



**नकुड़।** नगर के मौहल्ला चौधरियान स्थित तालाब से मानव कंकाल मिलने से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फॉरेंसिक टीम तथा क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे जहां पर उन्होंने परीक्षण के लिए कंकाल को कब्जे में लिया।

गुरुवार को मौहल्ला चौधरियान स्थित तालाब की साफ सफाई कराए जाने के दौरान एक मानव कंकाल के मिलने से हड़कंप मच गया। आनन फानन में पहुंची थाना पुलिस ने कंकाल को बाहर निकलवाकर आला अफसरों को अवगत कराया। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने मानव कंकाल को प्रशिक्षण के लिए अपने कब्जे में ले लिया। कोतवाल धर्मेंद्र गौतम ने बताया कि तालाब से मानव कंकाल मिला है। कंकाल देखने पर काफी पुराना प्रतीत हो रहा है पुलिस ने फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# संस्थागत प्रसव में की जाए बढ़ोतरी: डा. दिनेश

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने संस्थागत प्रसव में बढोत्तरी लाने के निर्देश दिये और कहा कि जननी सुरक्षा योजना में लंबित भुगतान को तीन दिन में अदा करे।

जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलैक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत गठित जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की समीक्षा के दौरान दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने मातृत्व सुरक्षा योजना, बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, आशा कार्यक्रम समीक्षा, रोगी कल्याण, परिवार कल्याण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, स्कूल आई स्क्रीनिंग कार्यक्रम, प्रतिरक्षण कार्यक्रम, कुष्ठ उन्मूलन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर आदि की समीक्षा की।



डॉ. दिनेश चंद्र ने समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि संस्थागत प्रसव को बढाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक अपने दायित्वों का भली प्रकार से निर्वहन करते हुए संस्थागत प्रसवों में बढोत्तरी लाना सुनिश्चित करें। जिन कारणों से संस्थागत प्रसवों में कमी आ रही है उनकी जांच कर आवश्यक कार्यवाही करें। सभी सीएचसी, पीएचसी एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर स्वास्थ्य संबंधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ ही साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा जाए। परिवार कल्याण के अन्तर्गत जन सामान्य को जागरूक करते हुए प्रेरित किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की सभी आशाएं निर्धारित दिवस पर क्षेत्र में विजिट करना सुनिश्चित करें। आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाते हुए छूटे हुए लाभार्थियों के कार्ड बनाए जाए। हैल्थ रैंकिंग में विगत माह से पिछडने पर कारणों को चिन्हित कर दूर करते हुए रैंकिंग में सुधार लाते हुए शीर्ष 05 में आने के लिए प्रयास किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आशाओं एवं आंगनबाडी कार्यकत्रियों की डोर-टू-डोर विजिट बढाई जाए ताकि नियमित टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण हो सके।

डॉ. दिनेश चन्द्र ने स्कूल आई स्क्रीनिंग कार्यक्रम के तहत वितरित किये जाने वाले चश्मों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शीघ्रता से वितरित किया जाए। बुजुर्गों के चश्मों के वितरण में कोई लापरवाही न करें। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में लगी टीमों को निर्देश दिये कि स्कूलों में प्रतिमाह विजिट करें तथा आच्छादन संख्या को बढाएं एवं चिन्हित बच्चों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव मांगलिक, परियोजना निद. ेशक प्रणय कृष्ण, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. शिवांका गौड तथा समस्त सीएचसी एवं पीएचसी से चिकित्सक मौजूद रहे।